अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

08 FEB., 2024

USEFUL FOR

IAS | PCS

& other civil services exams



Sunil Lawania

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza, Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **6 फरवरी - सुरक्षित इंटरनेट दिवस**




- 
- प्रत्येक वर्ष 6 फरवरी को सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया जाता है।
- उद्देश्य - दुनिया भर में ऑनलाइन प्रौद्योगिकी के सुरक्षित और अधिक जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देना
- थीम 2024 - प्रेरक परिवर्तन। बदलाव लाना, प्रभाव का प्रबंधन करना और परिवर्तन को ऑनलाइन करना
- इस दिन की शुरुआत 2004 में यूरोपीय संघ (ईयू) द्वारा वित्त पोषित सेफबॉर्डर्स परियोजना की एक पहल के रूप में की गई थी।
- 

2. **गीता पर हाथ रखकर शपथ लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई सांसद बने वरुण घोष**




- 
- गीता पर हाथ रखकर शपथ लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई सांसद बने वरुण घोष : ऑस्ट्रेलियाई संसद में 6 फरवरी को भारतीय मूल के बैरिस्टर वरुण घोष ने भगवद गीता पर हाथ रखकर शपथ ली।
- वे ऐसा करने वाले ऑस्ट्रेलियाई संसद के पहले सदस्य बन गए हैं।
- वे वरुण पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया से हैं और पर्थ में वकालत करते हैं।
- घोष जब 17 साल के थे तब भारत से ऑस्ट्रेलिया चले गए।•
- उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया से आर्ट्स और लॉ में डिग्री हासिल की और कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में लॉ में कॉमनवेल्थ स्कॉलर थे।
- 

3. **सरकारी भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक और नकल करने पर आरोपियों को अधिकतम 10 साल की जेल और 1 करोड़ रुपए जुर्माना देना पड़ेगा**




- 
- सरकारी भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक और नकल करने पर आरोपियों को अधिकतम 10 साल की जेल और 1 करोड़ रुपए जुर्माना देना पड़ेगा।
- केंद्र सरकार ने मंगलवार (6 फरवरी) को इन पर रोक लगाने के लिए पब्लिक एग्जामिनेशन (गलत साधनों की रोकथाम) बिल पास कर दिया। अब इसे राज्यसभा में भेजा जाएगा।
- यह बिल कानून बनता है तो पुलिस को बिना किसी वारंट के संदिग्धों को गिरफ्तार करने का अधिकार होगा।
- आरोपी को जमानत नहीं मिलेगी और इन अपराधों को समझौते से नहीं सुलझाया जा सकेगा।



**इन राज्यों में पेपर लीक पर बने कानून**

**राजस्थान-** पेपर लीक और नकल कराने वालों को उम्रकैद की सजा।

**गुजरात-** दोषियों को 3 से 10 साल तक की सजा और 1 लाख से 1 करोड़ तक का जुर्माना।

पेपर खरीदने वाले को भी 2 साल से 10 साल तक की सजा।

**उत्तराखंड-** गैर जमानती क्राइम, दोषी को 10 साल से उम्रकैद तक की सजा, 10 लाख से 10 करोड़ तक का जुर्माना।

**हरियाणा-** 7 से 10 साल जेल, 10 लाख तक का जुर्माना, दोषी की प्रॉपर्टी नीलाम करके नुकसान की भरपाई का प्रावधान।

- 
- 

4. **ईरान में भारतीयों की वीजा फ्री एंट्री**




- 

- ईरान की सरकार ने 5 फरवरी, 2024 से भारत के नागरिकों के लिए वीजा को खत्म करने की मंजूरी दी है। सामान्य पासपोर्ट रखने वाले व्यक्तियों को अब बिना वीजा के ईरान में प्रवेश की इजाजत है, लेकिन कुछ प्रतिबंध भी रहेंगे।
- ईरान में बिना वीजा के एक बार जाने पर दूसरी बार छह महीने बाद जाया जा सकता है।
- इसके अलावा नए नियम के तहत 15 दिन बिना वीजा के ईरान में रहा जा सकता है। इस 15 दिन की अवधि को नहीं बढ़ाया जा सकता है।

**5. छत्तीसगढ़ सरकार ने महतारी वंदन योजना शुरू की**




- छत्तीसगढ़ सरकार ने एक कल्याणकारी योजना "महतारी वंदन योजना" शुरू की है।
- योजना के तहत सरकार विवाहित महिलाओं को 1,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।
- योजना के तहत, 1,000 रुपये प्रति माह - यानी 12,000 रुपये प्रति वर्ष - डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण) के माध्यम से विवाहित महिलाओं के बैंक खातों में भेजे जाएंगे।
- विवाहित महिलाएं जो छत्तीसगढ़ की मूल निवासी हैं और 1 जनवरी 2024 को 21 वर्ष से अधिक उम्र की हैं, वे योजना का लाभ उठाने के लिए पात्र होंगी।
- उनके अलावा, विधवा, तलाकशुदा और परित्यक्त महिलाएं भी मानदंडों को पूरा करने पर इसका लाभ उठाने के लिए पात्र होंगी।

**6. पीएम नरेंद्र मोदी ने गोवा में ₹1330 करोड़ की परियोजनाओं का अनावरण किया**



- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'विकसित भारत, विकसित गोवा 2047' कार्यक्रम में हिस्सा लिया और 1330 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।
- प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान गोवा के स्थायी परिसर का उद्घाटन किया।
- नवनिर्मित परिसर में छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए ट्यूटोरियल कॉम्प्लेक्स, विभागीय कॉम्प्लेक्स, सेमिनार कॉम्प्लेक्स, प्रशासनिक कॉम्प्लेक्स, हॉस्टल, स्वास्थ्य केंद्र, स्टाफ क्वार्टर, सुविधा केंद्र, खेल मैदान और अन्य सुविधाएं जैसी विभिन्न सुविधाएं हैं।

**7. महाराष्ट्र सरकार ने 'मुख्यमंत्री वयोश्री योजना' शुरू करने का फैसला किया**



- महाराष्ट्र सरकार ने 'मुख्यमंत्री वयोश्री योजना' शुरू करने का निर्णय लिया है जिससे 15 लाख वरिष्ठ नागरिकों को लाभ होने की संभावना है जो किसी शारीरिक या मानसिक विकलांगता से पीड़ित हैं।
- 65 वर्ष से अधिक आयु के इन नागरिकों की जांच की जाएगी और पात्र पाए गए लोगों को तीन हजार रुपये का भुगतान किया जाएगा।
- यह योजना लगभग 480 करोड़ रुपये की लागत से सभी जिलों में लागू की जाएगी।
- **महाराष्ट्र के बारे में**
- राजधानी – मुंबई
- मुख्यमंत्री - एकनाथ सिंधे
- उपमुख्यमंत्री-देवेंद्र फड़णवीस और अजित पवार
- राज्यपाल – रमेश बैस

**8. अल साल्वाडोर के बुकेले फिर से राष्ट्रपति चुने गए**



- राष्ट्रपति नायब बुकेले ने अल साल्वाडोर के चुनावों में ज़बरदस्त जीत हासिल की है, जब मतदाताओं ने लोकतंत्र के क्षरण के बारे में चिंताओं को दरकिनार करते हुए उन्हें मध्य अमेरिकी देश में सुरक्षा को बदलने वाले एक भयंकर गिरोह कार्रवाई के लिए पुरस्कृत किया।
- बुकेले को 70% से अधिक मतपत्रों की गिनती के साथ 83% समर्थन प्राप्त हुआ।
- जैसा कि बुकेले ने अपना दूसरा कार्यकाल शुरू किया है, गरीबी को संबोधित करना और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना सर्वोपरि है।
- अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षकों के संदेह के बावजूद, बिटकॉइन को अपनाने सहित उनकी पहल का उद्देश्य आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना और गरीबी को कम करना है।

**9. अपूर्व चंद्रा को स्वास्थ्य सचिव नियुक्त किया गया**



- सूचना एवं प्रसारण सचिव अपूर्व चंद्रा को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है।
- चंद्रा महाराष्ट्र कैडर के 1988 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी हैं।
- इस बीच, चंद्रा की जगह वरिष्ठ नौकरशाह संजय जाजू को नया सूचना एवं प्रसारण सचिव नियुक्त किया गया है।
- 1992 बैच के आईएएस अधिकारी जाजू वर्तमान में अपने कैडर राज्य तेलंगाना में कार्यरत हैं।
- उर्वरक विभाग में वर्तमान में अतिरिक्त सचिव ए नीरजा को उसी विभाग में विशेष सचिव नियुक्त किया गया है।

**10. यमन ने अहमद अवद बिन मुबारक को नया प्रधान मंत्री नियुक्त किया**



- यमन के राष्ट्रपति नेतृत्व परिषद ने अपने विदेश मंत्री अहमद अवद बिन मुबारक को देश का नया प्रधान मंत्री नियुक्त किया है।
- निवर्तमान प्रधान मंत्री माईन अब्दुलमलिक सईद राष्ट्रपति नेतृत्व परिषद के अध्यक्ष के सलाहकार की भूमिका निभाएंगे।
- बिन मुबारक 2015 में तब सुर्खियों में आए जब तत्कालीन राष्ट्रपति अब्द-रब्बू मंसूर हादी के साथ सत्ता संघर्ष के दौरान यमन के राष्ट्रपति के चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में कार्य करते समय उन्हें देश के ईरान-गठबंधन हौथिस द्वारा अपहरण कर लिया गया था।
- 2018 में, बिन मुबारक को संयुक्त राष्ट्र में देश के प्रतिनिधि के रूप में भी नामित किया गया था।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **सुरक्षित इंटरनेट दिवस हर वर्ष किस दिन मनाया जाता है?**
   (a) 6 फरवरी
   (b) 7 फरवरी
   (c) 8 फरवरी
   (d) 9 फरवरी
2. **गीता पर हाथ रखकर शपथ लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई संसद कौन बने है?**
   (a) सौम्या स्वामीनाथन
   (b) वरुण घोष
   (c) मियो ओका
   (d) गीता गोपीनाथ
3. **पेपर लीक मामलो में अब अपराधी को कितने साल की जेल होगी?**
   (a) 8
   (b) 9
   (c) 10
   (d) 12
4. **हाल ही में किस देश ने भारतीय नागरिकों के लिए वीज़ा-मुक्त यात्रा की घोषणा की है?**
   (a) क़तर
   (b) अर्जेंटीना
   (c) जापान
   (d) ईरान
5. **किस राज्य सरकार ने विवाहित महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए कल्याणकारी योजना "महतारी वंदन योजना" शुरू की है?**
   (a) छत्तीसगढ़
   (b) पश्चिम बंगाल
   (c) असम
   (d) बिहार
6. **फरवरी 2024 में, नरेंद्र मोदी ने किस राज्य में ₹1330 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी?**
   (a) महाराष्ट्र
   (b) तमिलनाडु
   (c) गोवा
   (d) हिमाचल प्रदेश
7. **किस राज्य सरकार ने शारीरिक या मानसिक विकलांगता से पीड़ित वरिष्ठ नागरिकों के लिए 'मुख्यमंत्री वयोश्री योजना' शुरू की है?**
   (a) महाराष्ट्र
   (b) तमिलनाडु
   (c) गुजरात
   (d) हिमाचल प्रदेश
8. **राष्ट्रपति नायब बुकेले किस देश के राष्ट्रपति के रूप में पुनः निर्वाचित हुए हैं?**
   (a) फिनलैंड
   (b) स्कॉटलैंड
   (c) अल साल्वाडोर
   (d) इरिट्रिया
9. **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?**
   (a) स्मिता सारंगी
   (b) अपूर्व चंद्रा
   (c) इंद्र मणि पांडे
   (d) तनु सिंह
10. **अहमद अवद बिन मुबारक को किस देश का नया प्रधान मंत्री चुना गया है?**
   (a) यमन
   (b) घाना
   (c) सूडान
   (d) जिम्बाब्वे

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | (b) | (c) | (d) | (a) | (c) | (a) | (c) | (b) | (a) |